कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री धर्मेन्द्र सिंह निवासी ग्राम कुतकपुर पोस्ट गाजीपुर तहसील महवा जिला दौसा राज0 321612

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा जिला दौसा

अपील संख्या 04/2025

निर्णय

दिनांक 03.02.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार महवा को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2025/152 दिनांक 20.01.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार महवा ने पत्र क्रमांकः राजस्व/2025/230 दिनांक 28.01.2025 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से पत्र क्रमांकः 01 दिनांक 17.01.2025 के द्वारा अवगत करा दिया गया था। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

Web Copy - Not Official

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 10:52:48 IST
Reason: SelfAttested